**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।**

| | |
|---|---|
| 10 (क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड-रेउसा की ग्राम सभा- सरैया भुरपुरवा में कमीरा बाबा मन्दिर से डामर रोड तक की दूरी लगभग 400 मीटर है का मार्ग बहुत ही खराब अवस्था में है जिससे लोगों व श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? | ग्राम पंचायत सरैया भटपुरवा में कमीरा बाबा स्थान से डामर रोड तक दूरी लगभग 400 मी0 है, इस कार्य हेतु आंकलन लगभग रु० 35.00 लाख की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत सरैया भटपुरवा में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में राज्य वित्त आयोग द्वारा रु0 14,20,193.00 प्राप्त हुये हैं तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में केन्द्रीय वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट द्वारा रु0 6,90,678.00 प्राप्त हुये हैं, कुल मु० रु० 21,10,871.00 प्राप्त हुये हैं, जिसमें पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर मानदेय एवं गौआश्रय स्थल में पूलिंग में कुल धनराशि रू0 3,57,732.00 खर्च करने के उपरान्त ग्राम पंचायत के पास रु० 17,53,139.00 बचती है, ग्राम पंचायत में 02 कम्पोजिट व 01 प्राथमिक विद्यालय हैं, जिसमें कायाकल्प का कार्य कराया जा रहा है। अत: पर्याप्त धनराशि न बचने के कारण उक्त कार्य को कराया जाना संभव नहीं है। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर इण्टरलॉकिग का कार्य करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**ओम प्रकाश राजभर**
मंत्री,
पंचायती राज विभाग।